मासिक पत्रिका

# युवा भारत



जुलाई 2021 **हिंदुस्तान की युवा तस्वीर** e-पत्रिका

Published By:

YOUTH TIMES NEWS

# संपादक संदेश..



**बादल चौधरी**

(मुख्य संपादक एवं संस्थापक- यूथ टाइम्स न्यूज चैनल)

प्रिय पाठक,

मुझे आशा है कि "युवा भारत पत्रिका" के अब तक के सभी संस्करण आपको अच्छे लगे होंगे, अपने लक्ष्य कि ओर अग्रसर ये पत्रिका का पाँचवा संस्करण भी आपके सामने प्रस्तुत है। युवा भारत पत्रिका ने इस संस्करण के साथ, अपनी स्थापना के पाँच माह भी पूर्ण कर लिए हैं। पत्रिका को अभी तक प्राप्त कामयाबी में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

मैं आपसे निवेदन करता हूँ की आगे भी इसी तरह पत्रिका के लक्ष्य प्राप्ति के सफर में साथ दें। आपको पुनः अवगत कराना चाहूँगा कि ये पत्रिका केवल कुछ लोगों तक ही सीमित नहीं है और न ही ये कुछ विषयों तक ही सीमित है, कोई भी व्यक्ति अपने विचार इस पत्रिका के माध्यम से साझा कर सकता है।

धन्यवाद।

/chbadal05 /chbadal @chbadal05

# संपादकीय

## गुरु...

**गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा**
**गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः।।**

एक व्यक्ति के जीवन में गुरु का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। गुरु ज्ञान का ऐसा अंबार हमे प्रदान करता है, जिससे हमारे जीवन कि हर कठिनाई का हल हमें मिल जाता है। वैसे तो जीवन में हमें हर व्यक्ति कुछ न कुछ सीख देता है लेकिन गुरु का दर्जा उसे मिलता है जो पूरा जीवन सिखाता है।

एक व्यक्ति के सफल निर्माण में गुरु की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक ही सीमित नहीं रहती, व्यक्ति के चरित्र निर्माण में भी गुरु कि भूमिका होती है। गुरु वो होता है जो शून्य से शिखर तक हमारा मार्गदर्शन करता है।

गुरु भगवान होते हैं,
गुरु जीवन का प्रकाश होते हैं,
गुरु पालनहार होते हैं,
तभी तो गुरु सचमुच महान होते हैं।।

\- **बादल चौधरी**



# लक्ष्य..

अर्जुन सा, निशाना रख।
मन में, ना कोई बहाना रख !
लक्ष्य सामने है,  बस उसी पे अपना ठिकाना रख॥

सोच मत, साकार कर।
अपने कर्मो से प्यार कर ।

मिलेगा तेरी मेहनत का फल।
किसी और का ना इंतज़ार कर ॥



हिमांशु शर्मा
विद्यार्थी- संकल्प भवन, दिल्ली

## कारगिल विजय दिवस विशेष

पाकिस्तान के ना-पाक इरादों पर प्रचंड प्रहार, यही तो है भारत के वीर जाँबाजों का इसतिहार। 1999 में 26 जुलाई को भारत के वीर सपूतों ने अपनी जान को दाव पर रखकर कड़कड़ाती ठंड में, पाकिस्तान को मुँह-तोड़ जवाब दिया था।

लगभग साठ दिन चला कारगिल युद्ध, भारत के 26 जुलाई के प्रचंड प्रहार से ही रुका। कई सैनिकों के बलिदान से मिली ये जीत, देश के जन-जन पर अमिट पहचान छोड़ गई। कारगिल कि चोटी पर कब्जा किए बैठे पाकिस्तान सैनिक, भारतीय जाबाजों के शौर्य से अनजान थे।

पाकिस्तान के द्वारा घुसपैठ नीति से कबजाई गई, हर चोटी पर 26 जुलाई को भारत का राष्ट्र ध्वज लहरा उठा। इस युद्ध में भारत के सैनिकों कि 527 शहादत न कभी भुलाई गई, न कभी भुलाई जाएगी।

जय हिन्द।।



# ***प्रतिभा की खोज..***

"युवा भारत पत्रिका" के माध्यम से प्रतिभाशील युवाओं की खोज के लिए "यूथ टाइम्स न्यूज चैनल" लाया है विशेष **निबंध लेखन प्रतियोगिता**: **प्रतिभा की खोज**।

जुलाई 2021 **विषय**:

## "भारत- कितना स्वतंत्रता ?"

सबसे अच्छे तीन निबंधो को "युवा भारत पत्रिका" में प्रतिभागी के नाम और फोटो के साथ छापा जाएगा एवं e-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

नियम:

- निबंध ईमेल द्वारा हमारी ईमेल पर ही भेजे जाने चाहिए।
- शब्द सीमा- 1000 शब्द
- एक प्रतिभागी से केवल एक ही निबंध मान्य होगा।
- निबंध के साथ अपना नाम, पता, मोबाईल न., पासपोर्ट साइज़ फोटो, एवं निबंध की मोलिकता की शपथ भी साथ में अटैच करे।
- "युवा भारत पत्रिका" का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।
- हमारी ईमेल है: news.youthtimes@gmail.com
- अंतिम तिथि: 20 अगस्त 2021




# टोक्यो ओलंपिक

मौका है तिरंगे को फैराने का,
फिर एक बार देश को जीत दिलाने का,
दुनिया को दिखाने का,
यही तो मौका है, इतिहास रचाने का।।

युवा भारत पत्रिका
की ओर से टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले
सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

# युवा भारत

------------------------ युवा भारत मासिक पत्रिका ----------------------

Published By:

**Youth Times News Channel**
Address: B-276/1, St. No. 4-B, Durgapuri Extn.,
Shahdara, Delhi- 110093
Website: https://newsyouthtimes.wixsite.com/channel
Email: news.youthtimes@gmail.com
Whatsapp: 9760260952

**(Copyright- Youth Times News Channel)**